वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

Ref.No. 2035 /EXAM/VMSBUTU/2025 Date- 18-10-2025

महत्वपूर्ण

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध एवं परिसर संस्थान,
वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0वि0,देहरादून।

विषयः विषम–सेमेस्टर 2025-26 परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु छात्रों की कक्षाओं में निर्धारित उपस्थिति के संबंध में।

महोदय,

आप अवगत हैं कि पाठ्यक्रमवार प्रभावी आर्डिनेन्स के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं में सम्मिलित होने हेतु छात्र को निर्धारित न्यूनतम उपस्थिति धारित करना अनिवार्य है। इस क्रम में विगत शैक्षणिक सत्रों में कई अवसरों पर आपको सूचना दी जाती रही है तथा UMS के Attendance Portal पर छात्रों की उपस्थिति समयान्तर्गत अपलोड करने की अपेक्षा की जाती रही है।

इस संबंध में पुनः अनुरोध है कि सभी संस्थान अपने शिक्षकों के माध्यम से उनके द्वारा अध्यापित विषयों की उपस्थिति कक्षा संपन्न होने के तत्काल बाद UMS पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त के दृष्टिगत् आपको 15/10/2025 तक संस्थावार ऐसे छात्रों की उपस्थिति की संकलित सूची जिनकी उपस्थिति आतिथि तक यथा प्रभावी आर्डिनेन्स में निर्धारित सीमा से कम है, एतत्द्वारा संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि कृपया अपनी संस्था में अध्ययनरत् छात्रों को उनकी उपस्थिति से अवगत कराते हुये यथा आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें, क्योंकि किसी भी छात्र की उसके पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित न्यूनतम उपस्थिति न होने की दशा में उनकी परीक्षा हेतु अर्हता नही होने के कारण प्रवेश पत्र निर्गत नही होगा। यह भी सूचित करना है कि प्रत्येक छात्र एवं उनके अभिभावकों को उनकी उपस्थिति अवलोकित करने की सुविधा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर Attendance Management System पर अवलोकन हेतु उपलब्ध रहती है।

कृपया उक्त से अवगत होते हुये आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

<u>सलंग्न क–यथोपरि।</u>

(डॉ0वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक।

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1. निजी सचिव, कुलपति वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0 को मा0 कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
3. वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
4. वेब मास्टर, वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून को इस निर्देश के साथ ही संबंधित पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड करने एवं समस्त संबंधितों को प्रेषण हेतु।
5. नोडल अधिकारी, यू0एम0एस0 को सूचनार्थ व समस्त छात्रों को सूचित करने की आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. गार्ड फाइल।

(डॉ0वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक।